जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
प्रथम तल, विद्युत भवन–2, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष :+91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.brlp.in

पत्रांक- BRLPS/Proj-HEN/1082/17/3369 दिनांक - 10/02/2021

# कार्यालय आदेश

## पोषण परिचर्चा

गत तीन वर्षो से राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत सितम्बर माह को पोषण अभियान के रूप में मनाया जाता है | इस अभियान को जारी रखते हुए जीविका संपोषित संगठनो द्वारा बिहार के सभी जिलों में पारिवारिक आहार विविधता अभियान (FDDC)सितम्बर से जनवरी – 2021 संपन्न हुआ | इस अभियान में जीविका के कैडर, ग्राम संगठन और स्वास्थ्य उप-समिति के सदस्यों ने भाग लिया | इस अभियान के तहत सबसे पहले लक्षित लाभार्थियों की सूची तैयार की गईं और उनके घरों में गृह भ्रमण किया गया | गृह भ्रमण के दौरान लाभार्थी के साथ अंतर-वैयक्तिक संचार (IPC) के माध्यम से आहार विविधता के महत्त्व को बताया गया और तदनुसार पौष्टिक आहार हेतु प्रेरित किया गया | ग्राम संगठन स्तर पर आयोजित होने वाले पारिवारिक आहार विविधता अभियान में भाग लेने के लिए लाभार्थितों को आमंत्रित भी किया गया |
सामुदायिक उत्प्रेरक (CM) के द्वारा समूह में HNS-BCC फ्लिप चार्ट के माध्यम से प्रशिक्षण, लाभार्थी के घरों में गृह भ्रमण के दौरान खाद्य-समूह का स्टीकर रसोई घर के समक्ष चिपकाने और ग्राम संगठन स्तर पर आयोजित होने वाले पारिवारिक आहार विविधता अभियान इत्यादि से समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता में हुई है | एक संस्था के अध्ययन ने यह पुष्ट किया है कि ग्राम संगठन में FDDC अभियान, समूह को फ्लिप चार्ट से प्रशिक्षण और लक्षित घरों में गृह भ्रमण से पोषण के प्रति समुदाय के व्यवहार और आदत में सकारात्मक परिवर्तन हुए है | उपर्युक्त गतिविधियों के माध्यम से पोषण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान की संभावना है |

अभियान में किये गए महत्वपूर्ण योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा "**पोषण परिचर्चा**" के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर श्रेष्ठ **सामुदायिक संगठन, कैडर और लाभार्थी** का चयन कर सम्मानित करने की योजना है | इस से स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता की गतिविधियों में उनकी सक्रीयता बनी रहेगी और पोषण के क्षेत्र में सुधार होगा | पोषण परिचर्चा के तहत चयनित प्रतिभागियों को दिनांक 16 मार्च-2021 को सम्मानित किया जायेगा और इसी दिन एक **राज्यस्तरीय पोषण पर वर्चुअल वेबिनर** आयोजित किया जायेगा, जिसमें राज्य स्तर पर चयनित छः श्रेणी के प्रतिभागी पोषण पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे | कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी जिलों के प्रखंड परियोजना प्रबंधको का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा | इसी तरह प्रत्येक प्रखंड में भी प्रखंड के सभी जीविका कर्मी, MRP-HNS, CNRP और CLF प्रतिनिधि का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण भी किया जायेगा | सभी श्रेणी हेतु चयन किये जाने वाले प्रतिभागियों की चयन प्रक्रिया, मानक, समय सीमा, पुरस्कार इत्यादि की विस्तृत जानकारी के लिए SOP इस आदेश के साथ संलग्न हैं |

**वित्तीय प्रावधान** – 1. उन्मुखीकरण प्रशिक्षण पर व्यय जीविका के वर्तमान प्रावधान के अनुसार |
2. राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए अधिकतम खर्च राशि -20000/- |
3. जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए अधिकतम खर्च राशि – 10000/- प्रति जिला |
4. प्रखंड स्तरीय पुरस्कारों के लिए अधिकतम खर्च राशि – 8000/- प्रति प्रखंड |

इस कार्यक्रम पर होने वाले व्यय – BTDP Component – 3 HNS BCC/NRLM एवं Com-head (KMC – Other Communication Materials and Services) मद से किया जायेगा |

अपेक्षा की जाती है की पोषण के महत्त्व को समझते हुए इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा के अधीन पूर्ण करेंगे |

**अनुलग्नक** – 1. SOP और प्रपत्र संलग्न

**विश्वासभाजन**

09/02/2021

**बालामुरुगन.डी**
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जीविका

ज्ञापांक - BR/LPS/Proj-HKN/1088/TH/3369 दिनांक – 10/02/2021
प्रतिलिपि : सभी प्रबंधक –स्वास्थ्य एवं पोषण, संचार और वित्त को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित |
प्रतिलिपि : सभी जिला परियोजना प्रबंधक को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित |
प्रतिलिपि : सभी परियोजना प्रबंधक और राज्य परियोजना प्रबंधक को सूचनार्थ प्रेषित |
प्रतिलिपि : परियोजना समन्वयक – वितीय समावेशन और GKM को सूचनार्थ प्रेषित |
प्रतिलिपि : मुख्य वित्त पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित |
प्रतिलिपि : विशेष कार्य पदाधिकारी और निदेशक को सूचनार्थ प्रेषित |
प्रतिलिपि : IT कोषांग को सूचनार्थ प्रेषित |

09/02/2021

**बालामुरुगन.डी**
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जीविका

# Standard Operating Procedure

# पोषण परिचर्चा

राज्य के बच्चों एवं महिलाओं में कुपोषण, स्वस्थ जीवन एवं आजीविका के लिए बड़ी बाधा है | इसमें आवश्यक सुधार के लिए आहार विविधता अपनाकर आवश्यक परिवर्तन लाया जा सकता है | NFHS – 5 के अनुसार बिहार में 5 साल से कम उम्र के 43.9% बच्चो का कद औसत से नीचे है जिससे बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में बाधा होती है | भविष्य में इसका प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर भी पड़ सकता है | 6 से 59 माह तक के बच्चों में 67.9%, 15 से 49 वर्ष के महिलाओं में 65.6% तथा वयस्क पुरुषों में लगभग 27.1 % रक्तल्पता पाई गई है | इन प्रमुख कारण संतुलित, पर्याप्त एवं विविधतापूर्ण आहार की कमी है | बिहार में मात्र 39 % बच्चों को ही सही समय पर ऊपरी आहार खिलाया जा रहा है, जो कुपोषण को दूर करने में मदद करता है |

राष्ट्रीय पोषण अभियान - जन आन्दोलन में भी जीविका के सामुदायिक संगठनों और कैडरों ने सक्रिय हिस्सा लिया और आवश्यक गतिविधियाँ भी सम्पादित किया | आरोग्य और अन्नप्राशन दिवस में भी भागीदारी काफी बढ़ी है | जीविका संपोषित सामुदायिक संगठनों के सदस्यों और कैडरों द्वारा सघन पारिवारिक आहार विविधता अभियान (FDDC) भी चलाया गया है | स्वच्छता अभियान में भी जीविका संपोषित संगठनो ने भाग लेकर बिहार को 'खुले में शौच से मुक्त' करने में अपना योगदान प्रदान किया है | स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के अंतर्गत सामुदायिक संस्थानों के द्वार विगत दिनों में किये गए कार्यो और पोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए **पोषण परिचर्चा** के माध्यम से सर्वश्रेष्ट **संगठनों, कैडरों और लाभार्थियों** का चयन कर उन्हें सम्मानित करने की योजना है |

## पोषण परिचर्चा आयोजित करने के उद्देश्य –

जीविका परियोजना द्वारा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के आजीविका संवर्धन के अतिरिक्त उन्हें स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के प्रयास किये जा रहे है | इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए **"पोषण परिचर्चा"** के माध्यम से आने वाले दिनों में जीविका के सामुदायिक संस्थानों और कैडरों के द्वारा पोषण पर किये गए बेहतर कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान प्रदान करने की शुरुआत की जा रही है | पोषण परिचर्चा के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित है –

1. बड़े मंच पर पोषण सम्बन्धी पोषण के प्रति विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करना |
2. सम्मानित लाभार्थी को समुदाय में जागरूकता लाने के लिए बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करना |
3. पोषण के प्रति सक्रिय सहभागिता |

## पोषण परिचर्चा के लिए प्रतिभागी का वर्गीकरण –

पोषण परिचर्चा के तहत पोषण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए निम्नलिखित छ: केटेगरी को सम्मानित किया जायेगा -

1. एम आर पी – एच एन एस
2. सी एन आर पी
3. सी एल एफ
4. सी एम
5. स्वास्थ्य उप-समिति
6. लाभार्थी

## पोषण परिचर्चा अंतर्गत सम्मान का स्तर –

पोषण परिचर्चा के तहत सम्मानित होने वाले उपर्युक्त छः श्रेणी के उत्तम कार्यकर्ताओं को निम्नलिखित स्तरों पर सम्मानित किया जायेगा –

**प्रखंड स्तर –** इस स्तर पर श्रेष्ठ एमआरपी और सीएलएफ के अतिरिक्त अन्य केटेगरी से श्रेष्ठ तीन-तीन कार्यकर्ताओं को पुरष्कृत किया जायेगा |

**जिला स्तर –** जिला स्तर पर छः केटेगरी से श्रेष्ठ तीन-तीन कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जायेगा |

**राज्य स्तर –** राज्य स्तर पर छः केटेगरी से श्रेष्ठ तीन-तीन को सम्मानित किया जायेगा |यह ध्यान रखा जायेगा की किसी का भी चयन एक से अधिक स्तरों के लिए नहीं किया जाय | सभी केटेगरी से सर्वश्रेष्ट एक-एक प्रतिभागी का चयन किया जायेगा, जो राज्य स्तरीय वेबिनार (वर्चुअल) में भाग लेंगे और अपने विचारो को साझा करेंगे |

## प्रतिभागी चयन का मापदंड –

| क्र.सं | श्रेणी | मापदंड |
|---|---|---|
| 1 | एमआरपी | ➢ सम्बंधित क्लस्टर में ग्राम संगठनो का प्रतिशत जिनमे अभियान संपन्न हुआ **(ग्राम संगठन एप्प (VO HNS-App) से कितने अभियान की इंट्री का सन्दर्भ लिया जा सकता है)**<br>➢ उन समूहों का प्रतिशत जिनमे BCC फ्लिप चार्ट से प्रशिक्षण हुआ **(CBO-MIS का संदर्भ लिया जा सकता है)** |
| 2 | सीएनआरपी | ➢ अभियान के दौरान घरों का प्रतिशत में गृह भ्रमण संपन्न **(VO HNS-App)**<br>➢ अन्य कार्य – विभागीय अभिसरण, HNS सम्बंधित कार्य |
| 3 | सीएलएफ | ➢ ग्राम संगठनो का प्रतिशत जिनमें अभियान संपन्न हुआ **(VO HNS-App)**<br>➢ ग्राम संगठनो का प्रतिशत जिनमें स्वास्थ्य उप-समिति का गठन हो चूका हो **(भौतिक प्रतिवेदन)** |
| 4 | सीएम | ➢ समूहों का प्रतिशत जिनमें BCC फ्लिप चार्ट से प्रशिक्षण हुआ **(CBO-MIS/भौतिक प्रतिवेदन)**<br>➢ अभियान के दौरान गृह भ्रमण किये गये घरों का प्रतिशत **(VO HNS-App)**<br>➢ अपनी उपलब्धि को दर्शाने के लिए तैयार की गयी व्यक्ति-अध्ययन (केस स्टडी) |
| 5 | स्वास्थ्य उप-समिति | ➢ अभियान के दौरान घरो का प्रतिशत गृह भ्रमण संपन्न किये गये **(VO HNS-App)**<br>➢ अपनी उपलब्धि को दर्शाने के लिए तैयार की गयी व्यक्ति-अध्ययन (केस स्टडी) में सहयोग |
| 6 | लाभार्थी | ➢ लाभार्थी का व्यक्ति-अध्ययन (केस स्टडी) से संबधित दस्तावेज ही चयन का आधार होगा<br>➢ लाभार्थी अंतर्गत - गर्भवती या धात्री (0-6 माह या 7-23 माह के बच्चे) का चयन किया जायेगा |

## प्रतिभागी चयन की प्रक्रिया –

पोषण परिचर्चा के अंतर्गत प्रतिभागी का चयन प्रक्रिया को सभी स्तर पर पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से किया जायेगा, ताकि जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए पोषण परिचर्चा के तहत प्रतिभागियों को पुरष्कृत किया जा रहा है वह पूरा हो सके | उपर्युक्त मापदंडो का पालन करते हुए ही प्रतिभागी का चयन किया जायेगा | सभी स्तरों पर प्रतिभागियों का चयन निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुये किया जायेगा –

**प्रखंड स्तर –**

- BPIU स्तर पर श्रेष्ट प्रतिभागी का चयन करने के लिए एक समिति बनाई जाएगी, जिसमें BPM, एक AC और तीनों क्लस्टर से एक-एक CLF प्रतिनिधि होंगे |
- प्रत्येक प्रखंड अंतर्गत वर्णित मापदंडों का पालन करते हुये श्रेष्ठ MRP-HNS और एक CLF का चयन किया जायेगा | इसके लिए सम्बंधित BPM का दायित्व प्रमुख होगा |
- प्रत्येक क्लस्टर के जीविका कर्मी (AC/CC) सम्बंधित MRP के सहयोग से अपने क्लस्टर से 3 CM, 3 CNRP, 3 HSC और 3 लाभार्थी का चयन कर उनकी सूची BPIU को जमा करेंगे |
- BPIU स्तर पर गठित समिति सभी क्लस्टर से प्राप्त सूची और प्रतिभागीयों से बातचीत के आधार पर प्रत्येक चार श्रेणी से 3-3 श्रेष्ठ प्रतिभागीयों का चयन करेगी |
- BPIU द्वारा एक MRP-HNS और एक CLF पुरष्कृत होंगे | अन्य चार श्रेणी से भी प्रथम् तीन-तीन को पुरष्कृत किया जायेगा |
- सभी छ: श्रेणी से 1-1 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी की सूची DPCU को प्रेषित की जाएगी |

**जवाबदेही – प्रखंड परियोजना प्रबंधक**

**जिला स्तर –**

- DPCU स्तर पर तीन सदस्यीय समिति बनाया जाएगा, जिसमें (DPM या उनके द्वारा नामित प्रबंधक, प्रबंधक – स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता तथा प्रबंधक – संचार होंगे) यह समिति प्रतिभागियों का जिला स्तर पर चयन करेगी |
- प्रत्येक BPIU से प्रेषित की गयी सभी श्रेणियों से 1-1 प्रतिभागी की सूची और उनके प्रतिवेदन का मूल्यांकन जिला स्तरीय समिति करेगी |
- प्रतिभागियों के प्रतिवेदन और उनसे बातचीत करके जिला स्तरीय समिति प्रत्येक श्रेणी से श्रेष्ठ 3-3 प्रतिभागियों का अंतिम चयन करेगी |
- प्रत्येक श्रेणी से चयनित प्रथम 3 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को DPCU के द्वारा सम्मानित किया जायेगा |
- प्रत्येक जिले से सभी छ: श्रेणी में से सर्वश्रेष्ठ 1-1 प्रतिभागी का नाम SPMU को प्रेषित किया जायेगा |

**जवाबदेही – प्रबंधक – HNS और संचार**

**राज्य स्तर –**

- SPMU पर भी एक समिति बनाकर सर्वश्रेष्ट प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा |
- सभी DPCU से प्रेषित की गयी सभी श्रेणियों से 1-1 प्रतिभागी की सूची और उनके प्रतिवेदन का मूल्यांकन राज्य स्तरीय समिति करेगी |
- प्रतिभागियों के प्रतिवेदन और उनसे बातचीत करके राज्य स्तरीय कमेटी प्रत्येक श्रेणी से श्रेष्ट 3-3 प्रतिभागियों का अंतिम चयन करेगी |

- प्रत्येक केटेगरी से प्रथम 3 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को SPMU द्वारा सम्मानित किया जायेगा |
- राज्य स्तर पर प्रत्येक केटेगरी से सर्वश्रेष्ठ 1-1 प्रतिभागी का चयन किया जायेगा, जो राज्य स्तरीय वेबिनार (वर्चुअल) में भाग लेंगे |

**जवाबदेही – PM & SPM – HNS**

| चरण 1 | चरण 2 | चरण 3 |
|---|---|---|
| **प्रखंड स्तर**<br>प्रखंड स्तर पर प्रत्येक क्लस्टर से सभी श्रेणियों के प्रतिभागी का सामान भागीदारी | **जिला स्तर**<br>प्रखंड स्तर पर प्रत्येक क्लस्टर से सभी श्रेणियों के प्रतिभागी का सामान | **राज्य स्तर**<br>प्रखंड स्तर पर प्रत्येक क्लस्टर से सभी श्रेणियों के प्रतिभागी का सामान |

| श्रेणी | श्रेणी | श्रेणी |
|---|---|---|
| CLF – 1 प्रत्येक क्लस्टर से | CLF – 1 प्रत्येक प्रखंड से | CLF – 1 प्रत्येक जिला से |
| MRP – 1 प्रत्येक क्लस्टर से | MRP – 1 प्रत्येक प्रखंड से | MRP – 1 प्रत्येक जिला से |
| CNRP – 3 प्रत्येक क्लस्टर से | CNRP – 1 प्रत्येक प्रखंड से | CNRP – 1 प्रत्येक जिला से |
| CM – 3 प्रत्येक क्लस्टर से | CM – 1 प्रत्येक प्रखंड से | CM – 1 प्रत्येक जिला से |
| HSC – 3 प्रत्येक क्लस्टर से | HSC – 1 प्रत्येक प्रखंड से | HSC – 1 प्रत्येक जिला से |
| लाभार्थी – 3 प्रत्येक क्लस्टर से | लाभार्थी – 1 प्रत्येक प्रखंड से | लाभार्थी – 1 प्रत्येक जिला से |

**समय–सीमा –**

पोषण परिचर्चा के अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित सभी प्रतिभागियों को तीन स्तरों (प्रखंड, जिला और राज्य) पर दिनांक 16 मार्च-2021 को ही सम्मानित किया जायेगा | पूरी प्रक्रिया तय सीमा में सम्पादित की जाय | सभी गतिविधियों को दी गयी समय-सीमा में संपन्न कराया जाय –

| क्र.सं | स्तर | गतिविधि | समय-सीमा |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रखंड | एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण | 10 – 15 फरवरी, 2021 |
| | | क्लस्टर अंतर्गत नामित संभावित प्रतिभागियों की सूची तैयार करना और BPIU में जमा करना | 23 फरवरी, 2021 तक |
| | | BPIU स्तर पर प्रत्येक केटेगरी से अंतिम श्रेष्ट 3-3 प्रतिभागी का चयन | 25 फरवरी, 2021 तक |
| | | प्रत्येक केटेगरी से सर्वश्रेष्ठ 1-1 प्रतिभागी का नाम DPCU को भेजना | 25 फरवरी, 2021 तक |
| | | **प्रतिभागियों को सम्मान** | **16 मार्च, 2021** |
| 2. | जिला | एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण | 10 – 12 फरवरी, 2021 |
| | | DPCU स्तर पर प्रत्येक केटेगरी से अंतिम श्रेष्ट 3-3 प्रतिभागियों का चयन | 03 मार्च, 2021 तक |
| | | प्रत्येक केटेगरी से सर्वश्रेष्ठ 1-1 प्रतिभागी का नाम SPMU को भेजना | 03 मार्च, 2021 तक |
| | | **प्रतिभागियों को सम्मान** | **16 मार्च, 2021** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | राज्य | SPMU स्तर पर प्रत्येक केटेगरी से अंतिम श्रेष्ठ 3-3 प्रतिभागी का चयन | 12 मार्च, 2021 तक |
| | | **प्रतिभागियों को सम्मान** | **16 मार्च, 2021** |
| | | राज्यस्तरीय वेबिनार (वर्चुअल) | 16 मार्च, 2021 |

**<u>सम्मान –</u>**

पोषण परिचर्चा के अंतर्गत चयनित प्रतिभागी को प्रत्येक स्तर पर सम्मान स्वरुप – "**प्रतीक चिन्ह**" प्रदान किया जायेगा और उनके द्वारा किये गए HNS सम्बन्धी अच्छे कार्यो को विशेषतः रेखांकित किया जायेगा |

MRP के लिए

# राज्यस्तरीय पोषण वेबिनार हेतु प्रतिभागी चयनार्थ प्रतिवेदन प्रारूप

**सामान्य जानकारी:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला का नाम: | | ब्लाक का नाम: | |
| चयनित कैडर का नाम: | | चयनित कैडर का पद: | |
| क्लस्टर का नाम: | | पंचायत का नाम: | |
| चयनित कैडर का मोबाइल नंबर: | | गाँव का नाम: | |

| | |
|---|---|
| MRP मोड्यूल – 1 प्रशिक्षित (हाँ/ नहीं) | |
| कुल ग्राम संगठन की संख्या: | |
| ग्राम संगठनों की संख्या जहाँ FDDC पूर्ण किया गया? (प्रतिशत में) | |
| ग्राम संगठनों की संख्या जिनके FDDC का रिपोर्ट VO HNS App पर किया गया? | |
| स्वयं सहायता समूह की संख्या जहाँ पर मोड्यूल – 1 रोल आउट किया गया ? (प्रतिशत में) | |
| अन्य: | |

| **चयनित MRP द्वारा स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता कार्यक्रम में किये गए योगदान को उधृत किया जाये।** |
|---|
| |

**कार्यक्रम का सफल समापन होने पर राज्य स्तरीय कम्युनिकेशन थीम द्वारा एक ___ का प्रकाशन किया जाये।**

**एमआरपी का हस्ताक्षर** **एसी/ सीसी का हस्ताक्षर** **बीपीएम का हस्ताक्षर**

CNRP के लिए

## राज्यस्तरीय पोषण वेबिनार हेतु प्रतिभागी चयनार्थ प्रतिवेदन प्रारूप

**सामान्य जानकारी:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला का नाम: | | ब्लाक का नाम: | |
| चयनित कैडर का नाम: | | चयनित कैडरका पद: | |
| क्लस्टर का नाम: | | पंचायत का नाम: | |
| चयनित कैडर का मोबाइल नंबर: | | गाँव का नाम: | |

| | |
|---|---|
| CNRP C-1 पर प्रशिक्षित (हाँ/ नहीं) | |
| कुल ग्राम संगठन की संख्या: | |
| पारिवारिक आहार विविधता अभियान के दौरान किये गए गृह भ्रमण कीसंख्या(सभीSHG को जोड़ कर) **CNRP के लिए** | |
| अन्य कार्य – विभागीय अभिसरण एवं अन्य HNS सम्बन्धी कार्य | |

| **चयनितMRP/ CNRPके द्वारास्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता कार्यक्रम में किये गए योगदान को उधृत करें:** |
|---|
| |

**सीएनआरपी का हस्ताक्षर** **एसी/ सीसी का हस्ताक्षर** **बीपीएम का हस्ताक्षर**

CLF के लिए

# राज्यस्तरीय पोषण वेबिनार हेतु प्रतिभागी चयनार्थ प्रतिवेदन प्रारूप

**सामान्य जानकारी:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला का नाम: | | ब्लाक का नाम: | |
| चयनितसीएलएफ का नाम: | | क्लस्टर का नाम: | |
| ग्राम संगठन की संख्या: | | स्वयं सहायता समूह की संख्या: | |
| सीएलएफ अध्यक्ष का नाम और मोबाइल नंबर: | | सीएलएफ सचिव का नाम और मोबाइल नंबर: | |

| | |
|---|---|
| कितने प्रतिशत ग्राम संगठनो में अभियान संपन्न हुआ - संपन्न ग्राम संगठन की सं x 100/कुल ग्राम संगठन | |
| कितने प्रतिशत ग्राम संगठनो में HSC का गठन हुआ - ग्राम संगठन में गठित HSC की सं x 100/कुल ग्राम संगठन | |
| अन्य: | |

| **चयनित सीएमके द्वारास्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता कार्यक्रम में किये गए योगदान के बारे में विस्तार से बतायअ जाये –** |
|---|
| |

**CLF-अध्यक्ष का हस्ताक्षर** **एसी/ सीसी का हस्ताक्षर** **बीपीएम का हस्ताक्षर**

CM के लिए

# राज्यस्तरीय पोषण वेबिनार हेतु प्रतिभागी चयनार्थ प्रतिवेदन प्रारूप

**सामान्य जानकारी:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला का नाम: | | ब्लाक का नाम: | |
| चयनितसीएम का नाम: | | क्लस्टर का नाम: | |
| ग्राम संगठन का नाम: | | स्वयं सहायता समूह की संख्या: | |
| गाँव का नाम: | | चयनित सीएम का मोबाइल नंबर: | |

| | |
|---|---|
| मोड्यूल – 1 पर प्रशिक्षित (हाँ/ नहीं) | |
| मोड्यूल – 1का समूह में रोल आउट का % (S-1+ S-2+ S-3+ S-4) x100/ कुल समूह | |
| पारिवारिक आहार विविधता अभियान के दौरान ग्राम संगठन में सूचीबद्ध कुल लाभार्थियों की संख्या | |
| पारिवारिक आहार विविधता अभियान के दौरान किये गए गृह भ्रमण का % | |
| अन्य: अपनी उपलब्धि को दर्शाने के लिए तैयार की गयी व्यक्ति-अध्ययन (केस स्टडी) | |

| **चयनित सीएम के द्वारा स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता कार्यक्रम में किये गए योगदान के बारे में विस्तार से बताया जाये –** |
|---|
| |

**सी एम का हस्ताक्षर** **एसी/ सीसी का हस्ताक्षर** **बीपीएम का हस्ताक्षर**

HSC सदस्य के लिए

# राज्यस्तरीय पोषण वेबिनार हेतु प्रतिभागी चयनार्थ प्रतिवेदन प्रारूप

**सामान्य जानकारी:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला का नाम: | | ब्लाक का नाम: | |
| चयनितस्वास्थ्य उपसमिति सदस्य का नाम: | | क्लस्टर का नाम: | |
| ग्राम संगठन का नाम: | | गाँव का नाम: | |

| | |
|---|---|
| पारिवारिक आहार विविधता अभियान के दौरान किये गए गृह भ्रमण का % | |
| अपनी उपलब्धि को दर्शाने के लिए तैयार की गयी व्यक्ति-अध्ययन (केस स्टडी) | |
| अन्य: HNS सम्बन्धी कार्य | |

| |
|---|
| **चयनितस्वास्थ्य उपसमिति सदस्यके द्वारास्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता कार्यक्रम में किये गए योगदान के बारे में विस्तार से बताया जाये –** |
| |

**HSC का हस्ताक्षर** **एसी/ सीसी का हस्ताक्षर** **बीपीएम का हस्ताक्षर**

लाभार्थी के लिए

# राज्यस्तरीय पोषण वेबिनार हेतु प्रतिभागी चयनार्थ प्रतिवेदन प्रारूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला का नाम: | | ब्लाक का नाम: | |
| चयनित लाभार्थी का नाम: | | लाभार्थी का प्रकार:<br>(गर्भवती/ धात्री(0-6 माह)/ धात्री(6-23 माह) | |
| क्लस्टर का नाम: | | ग्राम संगठन का नाम: | |
| स्वयं सहायता समूह का नाम: | | गाँव का नाम: | |
| चयनितलाभार्थी का मोबाइल नंबर: | | | |

| |
|---|
| **चयनित लाभार्थी के द्वारा अपनाये गए स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता सम्बन्धी व्यवहार के बारे में विस्तार से बताया जाये –** |
| **उक्त लाभार्थी के व्यक्तिगत जीवन, आर्थिक – शैक्षणिक स्थिति के बारे में बताएँ -** |
| **उक्त लाभार्थी ने स्वास्थ्य, पोषण से सम्बंधित कौन सा नया व्यवहार अपनाया है?** |
| **उक्त लाभार्थी ने स्वास्थ्य, पोषण से सम्बंधित नये व्यवहार के बारे में किस से सीखा? कब, क्या, कहाँ, कैसे?** |
| **उक्त नये व्यवहार को अपनाने से लाभार्थी के जीवन में क्या बदलाव आया?** |

**सी एम का हस्ताक्षर** **ग्राम संगठन का हस्ताक्षर** **बीपीएम का हस्ताक्षर**